नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

डॉ. ओम प्रकाश भारती जापान में देंगे व्याख्यान

वर्धा दि. 11 अगस्त 2015- महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं कोलकाता स्थित पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक डॉ. ओम प्रकाश भारती जापान में व्याख्यान देंगे। वे वहां जापान फाउंडेशन एशिया सेंटर व जापान के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित तोगा एशियन थिएटर फेस्टिवल 2015 में भारत की ओर से भागीदारी करेंगे। सुजुकी कंपनी ऑफ तोगा के तादासी सुजुकी ने एक पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी। डॉ. भारती वहां 21वीं सदी और वैश्विकरण के दौर में पश्चिम बंगाल की संस्कृति पर विश्व के नाट्य कर्मियों के समक्ष अपनी बात रखेंगे।

डॉ. ओम प्रकाश भारती को उनकी पुस्तक बिहार के पारंपरिक नाट्य के लिए राष्ट्रपति से विशेष पुरस्कार भी मिल चुका है। डॉ. भारती पिछले पच्चीस वर्षों से कला आलोचना तथा लोक साहित्य के लेखन, शोध, अध्यापन एवं प्रशासन के क्षेत्र में सक्रिय है। उनकी चर्चित पुस्तकें नदियां गाती हैं, लोकायन, बालन, मैथलिक लोक नाट्य आदि है। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने उनकी इस उपलब्धि के लिए बधायी दी है।